दिन—बुधवार दिनांक— 25 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। किशनगंज, अररिया और पूर्णिया में सीमा सुरक्षा को लेकर करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक।

02. केन्द्र सरकार ने पटना के पुनारख से लखीसराय के किऊल के बीच पचास किलोमीटर लम्बी तीसरी और चौथी रेललाईन के निर्माण को मंजूरी दी।

03. राज्य के नगर निकायों में अब सशक्त स्थायी समिति का गठन गुप्त मतदान से होगा। विधानसभा ने बिहार नगर पालिका संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस को दी मंजूरी।

04. और, भागलपुर के दयालपुर में बगरी रेल पुल के पास भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, ग्यारह घायल।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री शाह राज्य के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा उपायों, प्रशासनिक तैयारियों और विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार वे आज अपराह्न चार बजे पूर्णिया पहुंचेंगे और वहां से किशनगंज के लिए रवाना होंगे। किशनगंज समाहरणालय में केन्द्रीय गृह मंत्री सीमा सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। किशनगंज के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि गृह मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाइट———

केन्द्रीय गृह मंत्री कल अररिया में एसएसबी की सीमा चौकी लेटी का उद्‌घाटन करेंगे और जवानों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केन्द्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही उनका सभी सीमावर्ती सात जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक का कार्यक्रम है। दौरे के अंतिम दिन सत्ताईस फरवरी को गृह मंत्री पूर्णिया में एक महत्वपूर्ण बैठक कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से सीमा सुरक्षा की रणनीति पर चर्चा होने की सम्भावना है। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और एसएसबी, ईडी, आईबी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

---

केन्द्र सरकार ने पटना के पुनारख से लखीसराय के किऊल के बीच पचास किलोमीटर लम्बी तीसरी और चौथी रेललाईन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण पर दो हजार दो सौ अड़सठ करोड़ रूपये खर्च होंगे। इस परियोजना को तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह रेललाईन दीनदयाल उपाध्याय से झाझा के बीच बनने वाली चार सौ किलोमीटर लम्बी रेललाईन परियोजना का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत इस परियोजना का कार्यान्वयन होगा। परियोजना के पूरा होने से माल ढुलाई और आवागमन आसान होगा।

———————————————————————————

विधानसभा ने नगर निकायों की कार्य प्रणाली से संबंधित बिहार नगर पालिका संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस विधेयक के माध्यम से सशक्त स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया में संशोधन को मंजूरी दी गयी है। अब नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चयन वार्ड पार्षदों के गुप्त मतदान से होगा। पहले इन सदस्यों को महापौर या अध्यक्ष नामित करते थे। वहीं, विधानसभा ने बिहार तकनीकी सेवा आयोग संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस और बिहार कर्मचारी चयन आयोग संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस को भी मंजूरी प्रदान की। इन दोनों विधेयकों का उद्देश्य नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना है। साथ ही इन दोनों विधेयकों के पारित होने से अब तकनीकी पदों सहित वर्ग तीन और चार के पदों पर नियुक्ति का अधिकार चयन आयोगों को सौंपे जाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा विधानसभा ने बिहार सिविल न्यायालय विधेयक दो हजार छब्बीस को भी पारित कर दिया। इस अधिनियम के पारित होने से राज्य को एक सौ अड़तीस वर्षों के बाद अपना अलग सिविल न्यायालय अधिनियम मिलेगा। अभी राज्य में बंगाल, आगरा एवं असम सिविल न्यायालय अधिनियम अठारह सौ सत्तासी प्रभावी है।

———————————————————————————

राज्य के सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों को होली से पहले फरवरी माह का वेतन मिल जायेगा। विधान परिषद में विनियोग विधेयक पर सरकार का पक्ष रखते हुये वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने यह घोषणा ने की। वित्त मंत्री की घोषणा के तत्काल बाद वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने सभी विभागों को चौबीस फरवरी के प्रभाव से ही वेतन मानदेय जारी करने का निर्देश जारी कर दिया।

———————————————————————————

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, ईएसआईसी ने चालीस वर्ष या उससे अधिक आयु के बीमित कामगारों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना की शुरूआत की है। केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि नई श्रम संहिताओं के तहत इस योजना की शुरूआत की गयी है।

———बाईट———

————————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा भारत—जर्मनी संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष बनाये गये हैं। वहीं, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद इजरायल—भारत संसदीय मैत्री संघ और राजीव प्रताप रूढ़ी भारत—स्विट्जरलैंड संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष बनाये गये हैं। इसके अलावा नवादा सांसद विवेक ठाकुर को भारत— त्रिनिदाद संसदीय मैत्री संघ और मनोज तिवारी को सूरीनाम—भारत मैत्री संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राजद के राज्यसभा सदस्य प्रेम गुप्ता भारत—केन्या संसदीय मैत्री संघ और जदयू के देवेश चन्द्र ठाकुर को भारत—ईरान संसदीय मैत्री संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा और लोजपा, रामविलास की सांसद शाम्भवी चौधरी को मेक्सिको—भारत संसदीय संघ का सदस्य बनाया गया है।

————————————————————————————

होली पर राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने गृह विभाग और पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी शामिल हुये। श्री अमृत ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व सम्पन्न कराने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को कई दिशा—निर्देश दिये। संवेदनशील जिलों में विशेष रूप से चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी जिलाधिकारियों को शांति समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करने को कहा गया।

————————————————————————————

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और झारखंड समेत कई राज्यों से बसों का परिचालन किया जा रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पचहत्तर नई बसों का परिचालन भी जल्द शुरू किया जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————————

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि राज्य में सक्रिय बच्चा चोर गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि इस संबंध में दिशा–निर्देश भी जारी किये गये हैं। उन्होंने लोगों से बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की।

———बाईट———

————————————————————————————

भागलपुर जिले के झंडापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दयालपुर में बगरी रेल पुल के पास कल देर शाम भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि ग्यारह अन्य घायल हो गये। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि बस, पिकअप वैन और ई–रिक्शा के बीच हुई टक्कर के चलते यह हादसा हुआ। मृतकों में दो भागलपुर और एक–एक खगड़िया तथा कटिहार जिले के हैं।

———बाईट———

————————————————————————————

झारखंड के चतरा में हुये एयर एम्बुलेंस हादसे में जिन सात लोगों की मौत हुई उसमें दो बिहार के थे। मृत चिकित्सक विकास कुमार गुप्ता औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड के मनिका गांव के रहने वाले थे। वहीं, पारामेडिकल कर्मी सचिन कुमार मिश्रा सीवान जिले के तेलकथू के रहने वाले थे। हालांकि उनका परिवार पटना में रहता है।

————————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने समस्तीपुर के विद्यापतिनगर के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश भगत को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, ब्यूरो की टीम ने सुपौल जिले के निर्मली नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक से सर्वे अमीन विक्रम कुमार राम को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

————————————————————————————

अरवल की एक अदालत ने अपनी पत्नी की हत्या के दोषी बीरबल साह को फांसी की सजा सुनाई है। दोषी की उम्र छिहत्तर वर्ष है। यह मामला डेढ़ साल पुराना है। वहीं, मुंगेर की एक अदालत ने हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में चार दोषियों को दस–दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी को आर्म्स एक्ट के मामले में भी तीन–तीन साल कारावास की सजा सुनाई गयी। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। अदालत ने इन सभी पर तीस–तीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

————————————————————————————

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के मिथिला कॉलोनी से एक युवक का अपहरण कर तीस लाख रूपये फिरौती मांगने के आरोप में पुलिस ने पांच अपराधियों को लेखा नगर से गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिन के दौरे पर आज बिहार आयेंगे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– विपक्ष पर बिफरे सीएम, कहा– सत्ता में थे तो कुछ नहीं किया।

प्रभात खबर की सुर्खी है– विधानसभा में चौबीस मिनट में पारित किये गये चार विधेयक।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– पटना के राजवंशी नगर में देश का सबसे बड़ा हड्डी का अस्पताल बनेगा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– केन्द्रीय कैबिनेट ने नौ हजार बहत्तर करोड़ की तीन रेल मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी।

आज अखबार की सुर्खी है– विधानसभा में शिक्षा मंत्री की घोषणा, कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति जल्द।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। किशनगंज, अररिया और पूर्णिया में सीमा सुरक्षा को लेकर करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक।

02. केन्द्र सरकार ने पटना के पुनारख से लखीसराय के किऊल के बीच पचास किलोमीटर लम्बी तीसरी और चौथी रेललाईन के निर्माण को मंजूरी दी।

03. राज्य के नगर निकायों में अब सशक्त स्थायी समिति का गठन गुप्त मतदान से होगा। विधानसभा ने बिहार नगर पालिका संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस को दी मंजूरी।

04. और, भागलपुर के दयालपुर में बगरी रेल पुल के पास भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, ग्यारह घायल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।